सूचना और प्रसारण मंत्रालय

न्यूज ऑन एयर रेडियो लाइव-स्ट्रीम इंडिया रैंकिंग

ऑल इंडिया रेडियो के डिजिटल श्रोताओं की संख्या लगातार दूसरे महीने 2 मिलियन बढ़ी

प्रविष्टि तिथि: 07 FEB 2022 4:02PM by PIB Delhi

ऑल इंडिया रेडियो की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के क्रम में सिलसिलेवार तरीके से बीते दो महीनों में न्यूज ऑन एयर ऐप पर आकाशवाणी की लाइव-स्ट्रीमिंग के श्रोताओं की संख्या में 2 मिलियन की बढ़ोत्तरी देखी गई है। नवंबर 2021 में 16 मिलियन से दिसंबर 2021 में 18 मिलियन तक होकर वर्ष 2022 के जनवरी महीने में न्यूज ऑन एयर ऐप में ट्यून करने वाले आकाशवाणी श्रोताओं की संख्या में 2 मिलियन की वृद्धि हुई है, जो अब कुल मिलकर 20 मिलियन हो गई है। रेडियो की दुनिया में पहली बार प्रसार भारती की ऑडियंस रिसर्च टीम ने नवंबर 2021 से श्रोताओं की संख्या को पूर्ण संख्या में निर्धारित करना शुरू किया है।

भारत के शीर्ष शहरों की नवीनतम रैंकिंग में जहां न्यूज़ ऑन एयर ऐप पर ऑल इंडिया रेडियो लाइव-स्ट्रीम सबसे लोकप्रिय हैं, वहीं पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली एनसीआर, हैदराबाद और मुंबई शीर्ष 5 चैनलों में बने हुए हैं। भारत में ऑल इंडिया रेडियो लाइव-स्ट्रीम की रैंकिंग के एक बड़े बदलाव में, एयर त्रिशूर ने प्रतिष्ठित सूची से रेनबो कन्नड़ कामनबिलु को पछाड़कर शीर्ष 10 में प्रवेश कर लिया है।

ऑल इंडिया रेडियो की 240 से अधिक रेडियो सेवाओं को न्यूज़ ऑन एयर ऐप और प्रसार भारती की आधिकारिक ऐप पर लाइव-स्ट्रीम किया जाता है। न्यूज़ ऑन एयर ऐप पर प्रसारित होने वाली इस ऑल इंडिया रेडियो स्ट्रीम के न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर के 85 से अधिक देशों में बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद हैं।

भारत के शीर्ष शहरों को अगर देखा जाए तो जहां न्यूज़ ऑन एयर ऐप पर पर ऑल इंडिया रेडियो लाइव-स्ट्रीम सबसे लोकप्रिय हैं वहीं पर श्रोताओं की संख्या में मासिक तौर पर परिवर्तन भी हो रहा है। न्यूज़ ऑन एयर ऐप पर सर्वाधिक सुने जाने वाली ऑल इंडिया रेडियो लाइव-स्ट्रीम और उसी का शहर-वार कार्यक्रम भी आप सुन सकते हैं। ये रैंकिंग पहली जनवरी से 31 जनवरी 2022 तक के आंकड़ों पर आधारित हैं।

न्यूज ऑन एयर रेडियो लाइव-स्ट्रीम इंडिया रैंकिंग की सूची के लिए यहां क्लिक करें

***

एमजी/एएम/एनके/सीएस

(रिलीज़ आईडी: 1796206) आगंतुक पटल : 55

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English